दिनांक–11.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. चुनाव आयोग की आज दूसरे दिन की बैठक समाप्त, अधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान पूरी सावधानी बरतने का दिया गया निर्देश।
2. सुप्रीम कोर्ट में आज नीट परीक्षा मामले की सुनवाई टली, मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी।
3. भाजपा ने संताल इलाके में आदिवासियों की घटती आबादी पर जतायी चिंता, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर सुनियोजित तरीके से डेमोग्राफी बदलने का लगाया आरोप।
4. राज्य में एक बार फिर मानसून सक्रिय, रांची सहित आस–पास के क्षेत्रों में हो रही है तेज बारिश।
5. विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर राजधानी रांची समेत देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन।

''''''''''''''

चुनाव आयोग की टीम द्वारा निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ आज दूसरे दिन रामगढ़ जिले के पतरातु में आयोजित बैठक समाप्त हुई। बैठक के दौरान राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। केंद्रीय उपचुनाव आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा और नितेश कुमार व्यास की ओर से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई साथ ही अधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान पूरी सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि चुनाव की घोषणा जल्द ही होगी।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। ऐसे सभी वोटरों को इसमें शामिल करना है, जो 18 वर्ष से ऊपर हो चुके हैं। बैठक में सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों ने अपने जिले में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में पीपीटी प्रस्तुत किया गया।

''''''''''''''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय बजट 2024–25 से पहले आज नई दिल्ली में नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की और उनके राय और सुझाव लिए। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पी के मिश्र और कई जाने–माने अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ बैठक में उपस्थित थे। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन 23 जुलाई को लोकसभा में केंद्रीय बजट पेश करेंगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा।

''''''''''''''

सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा के मामले पर आज सुनवाई टाल दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि केंद्र सरकार और एनटीए के जवाब कुछ पक्षकारों को नहीं मिले हैं और उन्हें जवाब देखने के लिए वक्त चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों के वकीलों की सहमति से मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को करने का आदेश दिया। इससे पहले कल केंद्र और एनटीए कि ओर से अलग– अलग हलफनामा शीर्ष अदालत में दायर किया गया। हलफनामे में कहा गया है कि नीट– यूजी परीक्षा में बड़े पैमाने में गड़बड़ी नहीं हुई है।

''''''''''''''''

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार पर सुनियोजित तरीके से संताल परगना की डेमोग्राफी बदलने का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पाकुड़ में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर संताल इलाके में आदिवासियों की घटती आबादी पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि राज्य में अगर अगली सरकार भाजपा की बनी तो कैबिनेट की पहली बैठक में संताल इलाके में बांगलादेशी घुसपैठ मामले की जांच कराने का फैसला लिया जायेगा।

''''''''''''''''

खूंटी लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा आज सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड में अपनी जीत के लिए जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बानो के प्रसिद्ध केतुंगाधाम शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। वहीं बाँकी के विद्यालय में विद्यार्थियों और शिक्षकों से मिले। उन्होंने कहा कि लोग अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए कभी भी उनसे संपर्क कर सकते हैं।

''''''''''''''''

''''''''''''''''

गोड्डा जिले को पीरपैंथी बिहार से जोड़नेवाली महत्वकांक्षी रेल लाइन परियोजना वर्ष 2027 तक पूरी हो जाने की संभावना है।

''''''''''''''''

रांची जिले के बुढ़मू थाना पुलिस ने आज अपहरण कर हत्या करने के मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में जगदीश मुंडा और कृष्णा महतो शामिल है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल हुए बाइक बरामद किया गया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक– सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि 10 जुलाई की रात युवक का अपहरण कर उसके दोस्तों ने उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

''''''''''''''''

लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र निवासी अमित लकड़ा ने अपनी गर्भवती पत्नी सरोज मिंज की पीट–पीट कर हत्या कर दी। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया की पहले भी कई बार आरोपी शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था।

''''''''''''''''

राज्य में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। रांची और आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन रांची समेत 14 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने वज्रपात को लेकर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

''''''''''''''''

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में परिवार नियोजन के लिए सुगम मॉडल पहल का अनावरण किया इसके साथ ही नई परिवार नियोजन – सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री भी जारी की। सुगम मॉडल को माँ और बच्चे की भलाई के लिए गर्भधारण के स्वस्थ समय और अंतराल के लिए डिज़ाइन किया गया है। श्री नड्डा

ने कहा कि आज का दिन भारत में परिवार नियोजन के अतीत, वर्तमान और भविष्य का आत्मनिरीक्षण करने का अवसर है।

''''''''''''''''''''''''

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड की ओर से राजधानी रांची के सदर अस्पताल में 'विकसित भारत की नई पहचान,परिवार नियोजन हर दंपति की शान' थीम पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रांची विधायक सी पी सिंह ने किया। सर्जन ने कहा कि जनसंख्या के हिसाब से भारत आज विश्व में पहले नंबर पर आ गया है।

''''''''''''''''''''''''